**रौनक** | त्यौहार के सीजन की शुरुआत के साथ कपड़ा बाजारों में बढ़ी रौनक, ऑनलाइन शॉपिंग की चुनौती के बीच बेहतर कारोबार की उम्मीद

# रक्षाबंधन की तैयारियां तेज, बाजारों में लौटी रौनक



**नवभारत, जबलपुर।** शहर में रक्षाबंधन का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में त्योहारी उत्साह साफ दिखाई देने लगा है। कपड़ा बाजारों में महिलाओं, युवतियों और परिवारों की आवाजाही धीरे-धीरे बढ़ती नज़र आ रही है। दुकानों पर नए कलेक्शन सजाए जा चुके हैं और व्यापारी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न ऑफर्स भी दे रहे हैं। व्यापारियों का मानना है कि फिलहाल खरीदारी की शुरुआत हुई है, जबकि रक्षाबंधन से ठीक पहले बाजारों में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिलेगी।

### रखे गये है विशेष ऑफर्स

कपड़ा व्यापारियों के अनुसार इस बार ग्राहकों के लिए सामान्य दिनों में 10 प्रतिशत तक की छूट और त्योहारी सीजन में 15 से 20 प्रतिशत तक का विशेष डिस्काउंट रखा गया है। उनका कहना है कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता, उचित कीमत और आकर्षक ऑफर्स देना जरूरी हो गया है। यही कारण है कि इस बार दुकानों में कई नई वैरायटी के साथ विशेष ऑफर भी उपलब्ध हैं।

### बाजारों में दिखेगा नया फैशन ट्रेंड

फैशन ट्रेंड की बात करें तो इस बार पॉकेट वाली ड्रेसेस, इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स, डिजाइनर साड़ियां, नई वैरायटी के पैंट्स और स्टाइलिश कॉर्डसेट ग्राहकों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि युवतियां और महिलाएं खासतौर पर ऐसे परिधानों को पसंद कर रही हैं, जिनमें आधुनिक डिजाइन के साथ आरामदायक पहनावा भी हो।

### ऑनलाइन शॉपिंग का असर, लेकिन बाजार पर भरोसा कायम

दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन शॉपिंग का प्रभाव बाजार पर जरूर पड़ा है, लेकिन ग्राहक अब गुणवत्ता को लेकर अधिक जागरूक हो गए हैं। कई बार ऑनलाइन मंगाए गए कपड़ों का रंग, साइज या डिजाइन तस्वीरों से अलग होता है, जिससे ग्राहक संतुष्ट नहीं होते। ऐसी स्थिति में वे स्थानीय बाजार आकर अपनी पसंद, बजट और आवश्यकता के अनुसार खरीदारी करना बेहतर समझते हैं।

### इनका कहना है



ग्राहकों के लिए सामान्य दिनों में 10 प्रतिशत और त्योहारी सीजन में 15 से 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इस बार पॉकेट वाली ड्रेसेस, इंडो-वेस्टर्न, नई डिज़ाइन की साड़ियां, ट्रेंडिंग पैंट्स और कॉर्डसेट की अच्छी मांग है। ऑनलाइन शॉपिंग का असर जरूर पड़ा है, लेकिन कई बार वहां से सामान पसंद या गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिलता, इसलिए ग्राहक दोबारा बाजार आकर खरीदारी करना पसंद करते हैं। हमें उम्मीद है कि रक्षाबंधन नजदीक आते-आते बिक्री में और बढ़ोतरी होगी।

**रिचा जैन , दुकानदार**



बाजार में इस बार नए-नए डिजाइन और कई अच्छे कलेक्शन देखने को मिल रहे हैं। ऑफर्स मिलने से खरीदारी करना भी सुविधाजनक हो गया है। ऑनलाइन खरीदारी की तुलना में बाजार में कपड़ों को देखकर, ट्रायल करके और गुणवत्ता जांचकर खरीदना ज्यादा भरोसेमंद लगता है।

**रिया सेन , ग्राहक**

# कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में विभूतियों का सम्मान



**नवभारत, जबलपुर।** गोपाल सदन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और आरती से हुई, जिसके बाद कथक नृत्य के माध्यम से भगवान की स्तुति की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय ने कहा कि चित्रगुप्त के वंशज बुद्धि-कौशल में सदा अग्रणी रहे हैं और देश के विकास व व्यवस्था में कायस्थ समाज का बहुमूल्य योगदान है। जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, विश्वविमोहन कुलश्रेष्ठ, एड. अनिल खरे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना और संजय वर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए सर्वसमाज के उत्थान के लिए कार्य करने की बात कही।

### विभिन्न संगठनों ने किया भव्य स्वागत

समारोह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के शैलेंद्र सिंह, जैन पंचायत सभा के सत्येंद्र जैन, सकल जैन समाज के नीरज निर्भय ड्योढिया और ब्राह्मण एकता मंच के राम दुबे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय और प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव का शॉल व श्रीफल से अभिनंदन किया। इसके साथ ही गुरु गोविंद सिंह एजुकेशन के कुलदीप सिंह बंसल, जितेंद्र सिंह मैनी और मप्र अर्ध शासकीय वाहन चालक एसोसिएशन के राजेंद्र पटेल व मन्नू लाल पटेल ने भी समग्र महासभा का सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत किया।

### विभूतियों का सम्मान और वृत्तचित्र प्रदर्शन

अधिवेशन के दूसरे चरण में चमन श्रीवास्तव द्वारा निर्मित कायस्थों पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद समाज की अग्रणी विभूतियों डॉ. अखिलेश गुमास्ता, सहेन्द्र श्रीवास्तव, शंकर श्रीवास्तव, पार्षद बाबा श्रीवास्तव, शैलेश खरे, किरण कुमार खरे, अनूप सिन्हा, डॉ. हर्ष सक्सेना, पारितोष वर्मा, अरुण श्रीवास्तव, प्रसन्न श्रीवास्तव और प्रियंका श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। इस दौरान चमन श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, विवेक खरे, मयंक श्रीवास्तव, अक्षांश श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, भानू श्रीवास्तव, रेनू श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, धवल श्रीवास्तव, नीरज वर्मा, देवेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. संदीप माथुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार में आज कीर्तन करेंगे भाई सिमरप्रीत सिंह



**नवभारत, जबलपुर।** गोरखपुर स्थित गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार में आज रविवार, 18 जुलाई को रात 8 बजे से 9:30 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अमृतसर, पंजाब के विख्यात श्री हरमंदिर साहिब के हुजूरी रागी जत्था भाई सिमरप्रीत सिंह शामिल होकर गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे और कार्यक्रम के बाद गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा, जिसके लिए प्रधान रजिंदर सिंह छावड़ा एवं आयोजन समिति ने साध-संगत से उपस्थित होने की अपील की है।

### मशीन वाले बाबा के 30वें उर्स में उमड़ा अकीदतमंदों का हुजूम



**नवभारत, जबलपुर।** घंटाघर के समीप स्थित हजरत अल्हाज सआदत हुसैन नक्शबंदी, 'मशीन वाले बाबा' का के 30वें सालाना उर्स शरीफ का आयोजन अकीदत और एहतराम के साथ किया जा रहा है। उर्स के मौके पर दरगाह शरीफ को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जिससे पूरा परिसर रौशन नजर आ रहा है। उर्स शरीफ के अवसर पर आज रविवार को नमाज़-ए-अस्र के बाद मज़ार-ए-अकदस पर चादर शरीफ पेश की जाएगी। इसके बाद नज़र-ओ-नियाज़ का सिलसिला चलेगा तथा अकीदतमंदों में तबर्रुक तकसीम किया जाएगा। रात 10 बजे महफ़िल-ए-मिलाद शरीफ का आयोजन होगा। दरगाह के खादिम हाजी मुहम्मद शफ़ी ने बताया कि उर्स में शहर सहित दूर-दराज़ क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंच रहे हैं। दरगाह पर लगातार ज़ायरीन की आमद जारी है, जो अकीदत के साथ चादर और फूल पेश कर नज़र-ओ-नियाज़ अदा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अकीदतमंद उर्स शरीफ में शिरकत कर 'मशीन वाले बाबा' के फ़ैज़ और बरकत हासिल कर रहे हैं।

# आचार्य विद्यासागर का 58वां दीक्षा दिवस मनाया गया



**नवभारत, जबलपुर।** पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर अग्रवाल कॉलोनी में आचार्य विद्यासागर का 58वां दीक्षा दिवस उनके शिष्य प्रबुद्ध सागर के सानिध्य में शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में अभिषेक पूजन के बाद रविंद्र भैया ने कैलाश चंद के साथ आचार्य छत्तीसी विधान और पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर संगीतकार साधना जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं मुनिराज ने मंगल देशना के जरिए गुरु ज्ञान सागर द्वारा आचार्य विद्यासागर को दीक्षा दिए जाने से लेकर उनकी समाधि तक का पूरा प्रसंग ओजपूर्ण वाणी में सुनाया।

### मुनि प्रबुद्ध सागर से चातुर्मास का निवेदन

इस दौरान मुनिवर ने आचार्य की चर्या, तप और साधना का उल्लेख करते हुए श्रावकों को जैन धर्म के सिद्धांतों को अपनाने और पांच पापों से दूर रहने की सीख दी। कार्यक्रम में कॉलोनी और शहर के जैन समाज ने बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लिया। अंत में कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जैन मिलन समिति के पदाधिकारियों, महिला मंडल, महिला परिषद और उपस्थित जनसमूह ने मुनिवर प्रबुद्ध सागर के चरणों में नमोस्तु करते हुए उनसे अग्रवाल कॉलोनी में चातुर्मास करने का आग्रह किया।

# 'मानसून फन सैटरडे' के आयोजन में नजर आए विविध खेल

**वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक में अभिभावकों ने भी की सहभागिता**



**नवभारत, जबलपुर।** वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 'मानसून फन सैटरडे' का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए छाता निर्माण (अम्ब्रेला क्राफ्ट), कागज़ की नाव बनाना एवं नाव दौड़, इंद्रधनुष चित्रकला एवं रंग भरने की गतिविधियाँ, बीज रोपण, जल आधारित संवेदी गतिविधियाँ, मेंढक कूद प्रतियोगिता, वर्षा गीत एवं एक्शन राइम्स तथा वाणी एवं भाषा विकास से संबंधित विभिन्न खेल आयोजित किए गए। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के संचार कौशल, सूक्ष्म एवं स्थूल मोटर कौशल, संवेदी विकास, सामाजिक सहभागिता, रचनात्मकता तथा आत्मविश्वास का विकास करना था।

वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक की संचालिका डॉ. सोनल मेहरा ने बच्चों के साथ सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. दिनेश गुर्जर एवं डॉ. नीति यादव का विशेष मार्गदर्शन रहा। साथ ही वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक के सभी स्पीच थेरेपिस्ट, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, विशेष शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से स्वाति, धरनी, सीमा, बबीता, निकेश, ज्योति, रत्ना, आस्था, राजेंद्र एवं निशा के समर्पित सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम के समापन पर अभिभावकों ने वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक की इस पहल की सराहना की।

# रोटरी इंटरैक्ट क्लब के नव-नियुक्त सदस्यों ने ली शपथ



**नवभारत, जबलपुर।** लियोनार्ड हाई स्कूल के रोटरी इंटरैक्ट क्लब का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैंट विधायक अशोक रोहाणी और विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजर अश्विन यादव, पीपी रोटेरियन अखिलेश जैन, रोटेरियन शैलेंद्र जेठा और प्रधानाचार्य एल.जी. लोबो भी उपस्थित रहे। इंटरैक्ट क्लब प्रेसिडेंट रामजी राजपूत ने राष्ट्रगान से मीटिंग शुरू की। इस दौरान मंच पर मौजूद अतिथियों का इंटरैक्ट क्लब सदस्यों और टीचिंग स्टाफ ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं क्लब इंचार्ज नीलिमा और पूजा ने पीपी रोटेरियन एम.एल. राय, रोटेरियन मयंक ठाकुर, रोटेरियन राजेश पटेल सहित सभी मेहमानों का स्वागत किया तथा भावना ने सत्र 2025-26 के दौरान सदस्यों द्वारा किए गए सामाजिक और चैरिटी कार्यों की संक्षिप्त रिपोर्ट पेश की, जिसके बाद अतिथियों ने नई इंटरैक्ट टीम को पदभार सौंपा। इस सत्र के निर्वाचित अध्यक्ष रामजी राजपूत, उपाध्यक्ष अभिनय सिंह ठाकुर, सचिव लवली कोल, संयुक्त सचिव श्रुति चौहान, कोषाध्यक्ष वंशिका पिल्लई और डायरेक्टर अरविंद, अभिजीत, आयुष, रौनक, जागृति, त्रिशिका व अनुष्का हैं।

### विधायक अशोक रोहाणी ने नई टीम को दी बधाई

इस मौके पर अशोक रोहाणी ने नई टीम को बधाई देकर उनसे वंचित और कमजोर वर्गों तक पहुँचकर देखभाल करने का आग्रह किया और कम उम्र में हो रहे अच्छे कार्यों व गतिविधियों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मेंटर पीपी रोटेरियन आशीष जैन और रोटरी क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन शैलेंद्र जेठा ने भी नए पदाधिकारियों को बधाई देकर सहयोग, मार्गदर्शन और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर रोटरी-इंटरैक्ट क्लब सदस्यों, मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और प्रिंसिपल ने 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत पौधे लगाए। यह कार्यक्रम जोस पैपिन और नीलिमा स्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता ने किया। कार्यक्रम का समापन प्रिंसिपल एल.जी. लोबो द्वारा मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी और अन्य अतिथियों को धन्यवाद देने के साथ हुआ।

# 38 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र किए गए वितरित

**बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल की बड़ी उपलब्धि**



**नवभारत, जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल ने वर्तमान में चल रहे किसान माह में किसान समृद्धि महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को अपनी विभिन्न शाखाओं में विशाल पूँजी संवितरण शिविर सह किसान सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं ने अपने-अपने क्षेत्र के किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के कृषि ऋण स्वीकृत किए। इस दौरान आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार ने जबलपुर अंचल की विभिन्न शाखाओं का दौरा कर उपस्थित किसानों को संबोधित किया और विभिन्न कृषि ऋणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं उनको ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये। बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल ने किसान समृद्धि महोत्सव में अपनी सभी शाखाओं के माध्यम से उक्त ऋण वितरण शिविर में कुल 38 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये। जिसमें 15 करोड़ बतौर कृषि ऋण, 8 करोड़ बतौर खुदरा ऋण एवं 15 करोड़ बतौर एमएसएमई ऋण शामिल हैं। गौरतलब है कि बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल मध्यप्रदेश के 24 जिलों में विस्तारित अपनी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से अनवरत रूप से किसानों, स्व.सहायता समूहों एवं अन्य कृषि व्यवसायियों को बैंक एवं भारत सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता मुहैया कराते आ रहा है।

# माथुर वैश्य शाखा के रक्तदान शिविर में रक्तवीरों का सम्मान



**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के आह्वान पर माथुर वैश्य शाखा सभा जबलपुर द्वारा माथुर वैश्य गुप्ता भवन सरकारी कुआं रोड शीतला माई में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और फिर सभी रक्त वीरों और रक्त वीरांगनाओं का सम्मान किया गया और आगे समाज के हित में ऐसे ही रक्तदान करते रहने के लिए सबको प्रेरित किया गया। शाखा सभा अध्यक्ष राम सेवक गुप्ता के नेतृत्व में रक्तदान प्रभारी मयंक गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एकता राहुल गुप्ता एवं राम मोहन गुप्ता कल्लन पूर्व पार्षद का भी सम्मान किया गया। वहीं महिला मंडल की विशेष सहभागिता से कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने रक्तदान महादान करने का संकल्प लिया। शिविर में प्रायोजक विमलेश कोठारी, राजकुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुशील गुप्ता, संतोष गुप्ता, मालती गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, अभिलाषा गुप्ता, रेणु गुप्ता, मीना, डिम्पल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जय जय राम-कृष्ण हरि जयघोष से गूंज उठा मानस भवन



**नवभारत, जबलपुर।** रसरंग, दत्त भजन मंडल, महाराष्ट्र शिक्षण मंडल, संगीत समाज के संयुक्त विद्यमान में पंचम निषाद मुंबई द्वारा निर्मित 'बोलावा विठ्ठल' भक्तिमय कार्यक्रम का उद्घाटन मानस भवन में महापौर जगात बहादुर सिंह 'अन्नू' डॉ. जितेंद्र जामदार, जस्टिस देवदत्त धर्माधिकारी, रिंकू विज, डॉ. माणिक पांसे, सदानंद गोडबोले, डॉ.संजय नागराज, प्रदीप दुबे, दिनेश चंद्रराव ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर आमंत्रित गायकों ने 'नाचतो गोपीजन वृंद वाजवी पावा गोविंद', 'माझे माहेर पंढरी, आहे भीमरेच्या तिरी' संत तुकाराम का अभंग 'बोलावा विठ्ठल पहावा विठ्ठल, करावा विठ्ठल जीवभाव' अभंग गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं डॉ. धनश्री लेले ने अपने अमृततुल्य मधुर शब्दों के द्वारा कार्यक्रम को चार चाँद लगा दिये।

**मुख्य कलाकारों का स्वागत** - कार्यक्रम के दौरान मुख्य कलाकारों का स्वागत, दत्त भजन मंडल के अध्यक्ष विजय भावे, सचिव शरद आठले, रसरंग के सचिव अभय गोरे, अध्यक्ष विश्वास पाटणकर, संगीत समाज के सचिव डॉक्टर उमाशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक दातार, शिक्षण मंडल सचिव प्रमोद पाठक, उपाध्यक्ष उदय परांजपे, तथा रवि परांजपे, नितीन देसाई, अनिल मोघे, मनीष वैद्य द्वारा पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल देकर किया गया। आयोजक संस्था का परिचय अजय भालेराव, तथा मंच संचालन डॉ. विवेक कर्मेहे ने किया। वाद्ययंत्रों पर प्रसाद पाध्ये, आदित्य ओक, अपूर्व द्रविड, सम्यक पाराशरी, प्रशांत राणे, सुभद्र मुंडे की शानदार संगत कार्यक्रम को और अधिक श्रवणीय बना रही थी। इस अवसर पर जस्टिस संजीव कालगांवकर, डॉ. कल्पना कर्मेहे, कैलाश गुप्ता, सेवानिवृत्त मेजर जनरल निश्चय राऊत, डॉ. स्वाति गोडबोले, डॉ. शिरीष नाईक, मराठी अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले, डॉ. गेयता व्यास और सर्व मंगला सदस्य सहित अन्य मौजूद रहे।

**दौरा** | 15 सितंबर तक पौधरोपण करने का लक्ष्य पूरा करने निर्देश, हरियाली और शहर के कायाकल्प कार्यों में गति लाने जोर

# वीआईपी कल्चर छोड़ सामान्य गाड़ी से निगमायुक्त ने किया शहर का दौरा




**नवभारत, जबलपुर।** वीआईपी गाड़ी और प्रोटोकॉल को छोड़ निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने एक सामान्य गाड़ी से अधिकारियों की टीम के साथ पूरे शहर का पांच घंटे तक सघन दौरा किया। इस मैराथन दौरे के दौरान निगमायुक्त ने शहर के कई प्रमुख और विकासशील क्षेत्रों का जमीनी स्तर पर मुआयना किया। इस दौरान निगमायुक्त ने दमोहनाका से लेकर आई.एस.बी.टी., इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग प्वाइंट, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और गार्डन लैंड फिल साइट का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल लाइन, पचपेढ़ी और डुमना नेचर पार्क में चल रहे पौधारोपण कार्यों का जायजा लिया।

### पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के दिए निर्देश

पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 सितंबर के पहले तय लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए।

### पौराणिक थीम पर बन रहीं वाटिकाएं

शहरवासियों को प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने के लिए नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में एक अभिनव पहल की जा रही है। शहर में कहीं 'अशोक वाटिका' तो कहीं 'सीता वाटिका' विकसित की जा रही है, जो आने वाले समय में शहर के प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेंगी। वहीं शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए चौराहों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी जोरों पर है। निगमायुक्त के अनुसार 'अशोक वाटिका' और 'सीता वाटिका' जैसे कॉन्सेप्ट शहर के सौंदर्यीकरण में एक नया और सांस्कृतिक आयाम से जोड़ेंगे।

# दो राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में अभिज्ञान की उल्लेखनीय सफलता



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के प्रतिभाशाली छात्र अभिज्ञान चतुर्वेदी ने देश की दो सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं—जेईई मैंस,एडवांस एवं नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। अभिज्ञान ने जेईई मेन में 98.34 पर्सेंटाइल प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने नीट-यूजी 2026 में भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए सामान्य वर्ग में लगभग 19,000 अखिल भारतीय श्रेणी तथा 527 अंक प्राप्त किए। इस प्रकार उन्होंने गणित, भौतिकी एवं रसायन विज्ञान पर आधारित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा तथा जीवविज्ञान, भौतिकी एवं रसायन विज्ञान पर आधारित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा—दोनों में सफलता प्राप्त कर अपनी असाधारण बौद्धिक क्षमता और बहुआयामी तैयारी का परिचय दिया है। विदित हो कि जेईई और नीट दोनों ही देश की सबसे कठिन एवं अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में गिनी जाती हैं। इन दोनों परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना न केवल गहन अध्ययन, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह अभिज्ञान की बहुमुखी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का भी प्रमाण है।

### परिवार ने मेहनत और अनुशासन को दिया श्रेय

अभिज्ञान चतुर्वेदी के पिता प्रोफेसर अलकेश चतुर्वेदी उच्च शिक्षा विभाग में अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग, जबलपुर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी माता डॉ. राखी चतुर्वेदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा में प्राचार्य के रूप में पदस्थ हैं।परिवार ने इस सफलता का श्रेय अभिज्ञान की नियमित मेहनत, आत्म अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा परिवार के सतत प्रोत्साहन को दिया है। अभिज्ञान की इस उपलब्धि पर शिक्षाविदों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों, परिजनों तथा शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।